तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 21 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 जमकर बरसा सावन, छत्तीसगढ़ के 12 बड़े बांधों...



11 परसाही में पसरी गंदगी, ग्रामीण परेशान



## खबर संक्षेप

### मायके जा रही महिला से उठाईगिरी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** रक्षाबंधन के दिन महिला के साथ उठाईगिरी की वारदात होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि गुढ़ियारी रायपुर निवासी एकता वर्मा रविवार शाम अपने मायके ग्राम चेटुवा जाने के लिए निकली। इस दौरान उसकी बेटी भी उसके साथ गई थी। मोहबा बाजार से टाटीबंध चौक के लिए ऑटो कर कुम्हारी स्टेशन चौक पहुंची। जहां दुकान से मिठाई एवं राखी खरीदकर फिर दूसरे ऑटो से ग्राम मुरमुंदा के लिए निकली। अपने भाई को बुलाकर बाइक से अपने मायके ग्राम चेटुवा पहुंची। घर पहुंचकर उसने अपने जेवरात वाले बैग को चेक करने पर सारे जेवरात गायब मिले। सामनों की कीमत करीब सवा लाख रुपए आंकी गई है।

### खाते से 98 हजार रुपए की ठगी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** युवक के खाते से साइबर ठगी करने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने धारा 420 के तहत कार्रवाई की है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि पंचशील सोसायटी बोरसी निवासी डी आदीश गिरी के मोबाइल पर एक एसएमएस का लिंक आया। उसे क्लिक करने के बाद 4 अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से उसके बैंक खाते से 50 हजार, 20 हजार, 9 हजार और 19 हजार 999 रुपए की राशि गायब हुई। साइबर ठगी होने के एक घंटे के भीतर पद्मनाभपुर पुलिस थाने में शिकायत किया गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### खड़े ट्रक में जा घुसी कार, मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही कार सड़क किनारे खडी ट्रक के पीचे जा घुसी हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि भारत गैस की खाली सिलेंडर से भरी ट्रक सीजी 17 एएस 8981 सड़क किनारे आवंती बाई चौक के पहले खडी थी। इस दौरान कार सीजी 04 एमजी 0759 में राधिका नगर निवासी विनय मिश्रा और शफीक सवार था। कार सूर्या मॉल की तरफ से आई और खडी ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे के बाद कार के एयर बैग भी खुले। लेकिन विनय मिश्रा नहीं बच पाया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं मृतक के दोस्त की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया गया है कि विनय मिश्रा के पिता का होटल नेहरु नगर में है। कार ट्रक के पीछे इतनी बुरी तरह घुसा हुआ था कि आसपास के लोगों की मदद से युवकों को कार से बाहर निकाला गया। हादसे को देखने के लिए लोगों की खासी भीड़ उमड गई थी।

### बहनों ने सुरक्षा जवानों को बांधा रक्षासूत्र

**भिलाई।** भाई बहन का पवित्र पर्व रक्षा बंधन के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रीना चौहान के नेतृत्व में सेक्टर 7 में स्थित सीमा सुरक्षा बल कार्यालय में जवानों के बीच राखी का पर्व मनाया गया। इस दौरान जवानों की कलाई पर बहनों ने राखी बांधकर मिठाई भी खिलाया है। विधायक प्रतिनिधि रीना चौहान ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के प्रेम का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति इतनी लचीली है कि इसमें हर संस्कृति समाहित होती चली जाती है। रक्षाबंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र में भाई के प्रति बहन के असीम स्नेह का पर्व होता है। इस दौरान शिवजी अर्पण सेवा समिति की अंजली राजनल, पूजा राजनल, सीमा चौहान, मोनिका ठाकुर, गरिमा, मोनिका सिंह, विभा मिश्रा, मुस्कान, अयंती सिंह, ललिता, संगीता साहू, ऋतु मानिकपुरी, सविता, ए.आंचल, प्रीति,प्रियंका, रामा, उज्वल, कैलाश, विनय, राहुल मौजूद थे।

## ग्राम पंचायत से नगर पंचायत व तहसील का दर्जा, पर नहीं सुधरे दाढ़ी के हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ दाढ़ी

■ 25 से 30 गांव के मुख्य केंद्र की आज तक नहीं सुधरी स्थिति

नगर पंचायत दाढ़ी को अस्तित्व में आये हुए लगभग साल भर बीतने को हैं, लेकिन विकास की संरचना के मामले में वर्तमान में भी पंचायत की भूमिका में ही नजर आ रहा है। विकास के नाम पर नगर पंचायत में अब तक एक ढेले भर का काम नहीं हो पाया है। राजनीतिक दृष्टिकोण से सत्ता किसी की भी रही हो, लेकिन सत्ता का मुख्य केंद्र केवल दाढ़ी रहा है। इसके बावजूद दाढ़ी विकास के मुद्दे पर अब तक पीछे रह गया है। दाढ़ी के लिए सभी दलों के नेताओं द्वारा घोषणा तो बहुत किए गए, परंतु यह घोषणा केवल लॉलीपॉप ही रह गई। आस पास के लगभग 25 से 30 ग्राम दाढ़ी पर व्यापारिक व अन्य कार्यों पर आश्रित हैं, वहीं व्यापार का मुख्य केंद्र है। बड़ी आबादी होने के कारण एक वर्ष पूर्व नगर पंचायत बनाया गया है पर दाढ़ी में और सुविधाओं की तो बात छोड़िए, मूलभूत सुविधाओं का अभाव है स्पष्ट नजर आ जाएगा। हालत यह है कि दाढ़ी की मुख्य सड़क है जिसमें रोज हजारों लोगों का आवागमन होता है, जो बरसात आते ही तालाब और डबरी का रूप ले चुकी होती है। नालियां भी पूरी तरह से जाम हो चुकी हैं, जिसके कारण पूरा गंदा पानी सड़क पर ही बहता है। दाढ़ी की मुख्य सडक का जब ये हाल है तो गली की सड़कों को कहने की जरूरत नहीं है।

### मुख्य सड़क पर ही जगह-जगह गड्ढे, नालियां भी जाम

#### पहले 2002 में हुई थी घोषणा, बनने में लग गए 22 साल

सर्वप्रथम नगर पंचायत की घोषणा 2002 में हुई थी, लेकिन अस्तित्व में आने के लिए इसको 22 साल लग गए। अब नागरिकों के मन में सवाल यह उठ रहे हैं कि क्या उसी तरह दाढ़ी को विकास के लिए 22 साल और इंतजार करना पड़ेगा।



#### विधायक प्रतिनिधि यहीं से, पर विकास से रहा दूर

दाढ़ी में आत्मानंद स्कूल और कालेज है, जिसमें लगभग हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं परंतु सुविधा के अभाव में शिक्षा लेने मजबूर हैं। नगर पंचायत के लोगों का कहना है कि यहाँ के नेता विकास के नाम पर सिर्फ अपना विकास करने में और अपना उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं। सत्ता भाजपा की रही हो या कांग्रेस की, विधायक प्रतिनिधि दाढ़ी से ही रहा है लेकिन पता नहीं दाढ़ी के साथ क्यों सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। पिछली सरकार में आनन फानन में दाढ़ी को नगर पंचायत, कालेज और तहसील का दर्जा तो मिला, लेकिन अब तक न कालेज में और न ही नगर पंचायत में पूरे कर्मचारी की पोस्टिंग की गई है। वहीं, तहसील में किसानों को सुविधा अच्छी तरह से मिल सके इसी लिए नगर को तहसील बनाया गया, लेकिन किसानों को इसका फायदा पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा है। अधिकांश काम कराने के लिए लोगों को अब भी बेमेतरा जाना पड़ रहा है।

### बैठक : एसपी रामकृष्ण साहू ने बताया प्रारंभ हो गई है प्रक्रिया

## अब कांस्टेबल भी बनेंगे जांच अधिकारी तैयारी शुरू, प्रशिक्षण के बाद जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ नए कानून लागू होने के बाद बढ़ गया जांच का काम

एक जुलाई से नए कानून लागू होने के बाद पुलिस की जांच का तरीका भी बदल गया है। पहले के मुताबिक अब हर केस में जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। ऐसे में सिर्फ शीर्ष अफसरों के भरोसे समय पर जांच पूरी कर पाना असंभव होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में अब प्रदेश के पुलिस महकमे ने नया फार्मूला निकाला है। इसके तहत जिले में अब कांस्टेबल स्तर के कर्मचारियों को भी जांच अधिकारी की जिम्मेदारी दी जाएगी। हालांकि उन कांस्टेबल को ही जांच अधिकारी बनाया जाएगा, जिसने दस साल या इससे अधिक सेवाएं पूरी कर ली हो। इन कांस्टेबल को भी पहले विभाग की तरफ से प्रशिक्षण दिया जाएगा, यह सभी प्रक्रिया जिला स्तर पर ही पूरी की जाएगी। एसपी रामकृष्ण साहू ने बताया कि इस प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया गया, जो जल्द पूरी करने की तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। जिले के सभी थानों में पदस्थ कांस्टेबल रैंक के कर्मचारियों की जानकारी मौजूद है । प्रशिक्षण के बाद पुलिस कर्मचारियों नए कानून की धाराओं के तहत जांच करने जिम्मेदारी सौंपी जाएंगी।



#### मिलेगी राहत, पहली बार अवसर

पुलिस विभाग में अब तक किसी भी मामले में जांच अधिकार हेड कांस्टेबल या उससे अधिक रैंक वाले अफसरों को ही अपराध की गंभीरता के अवसर पर ही दिया जाता था, लेकिन यह पहला अवसर है, जब प्रदेश के कांस्टेबल स्तर के पुलिस कर्मचारियों को भी जांच अधिकारी बनाया जाएगा। यह करने से अब नए कानून के तहत जांच पूरी करने में तेजी आने की संभावना है। प्रदेश स्तर से निर्देश मिलने के बाद जिला पुलिस ने इसको प्रक्रिया शुरू कर दी है। दी गई जानकारी के अनुसार सूची शार्टलिस्ट कर कांस्टेबल मंगलवार से 5 दिनों का प्रशिक्षण दिए जाना शुरू कर दिया गया है। प्रशिक्षण के बाद जिला स्तर पर ही एक मौखिक परीक्षा भी ली जाएगी। इन परीक्षाओं में पास होने वाले कांस्टेबल को ही जांच अधिकारी बनाया जाएगा।

#### प्रक्रिया जारी

*कांस्टेबल स्तर के कर्मचारियों को जांच अधिकारी बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशिक्षण बाद इनको यह जिम्मेदारी दी जाएगी।*

*-रामकृष्ण साहू , एसपी, बेमेतरा*

#### इन अपराधों की करेंगे जांच

जांच अधिकारी बनने के बाद कांस्टेबल स्तर के कर्मियों को हर मामले में जांच करने का अधिकार नहीं दिया जाएगा, बल्कि इन जांच अधिकारियों को नए कानून के तहत महिला एवं बालक के विरुद्ध अपराध में बीएनएस की धारा 77, 78 2.79, 94 मानव शरीर पर प्रभाव डालने वाले अपराध में धारा 125 5, 126 2, 127 2, 127 3. 127 5, 134, 135. 146 लोक प्रशस्ति के विरुद्ध अपराध में धारा 1942. लोक सेवकों के उनसे संबंधित अपराध विरुद्ध धारा 204, 205 लेक सेवकों के विधिपूर्ण प्रधिकार के अवगमन के विषय पर धारा 223 ए, 223 वी के साथ ही मिथ्या साक्ष्य और लोक व्याय के विरुद्ध अपराध में धारा 262, 263 5, 265, 266, 259 के तहत जांच का अधिकार दिया जाएगा।

#### जिले में 301 कांस्टेबल

मिली जानकारी के अनुसार बेमेतरा जिले में मौजूदा स्थिति में कुल 301 कांस्टेबल हैं, जिनमें 100 के करीब हेड कांस्टेबल पदस्थ हैं। इनमें उन कांस्टेबल को ही जांच अधिकारी बनने का अवसर दिया जाएगा, जिन्हें सेनियर वेतनमान प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही जांच अधिकारी बनाए जाने से पहले उन कांस्टेबल की सेवा के दौरान का रिपोर्ट कार्ड भी देखा जाएगा।

## अजाक थाना को मिला शहीद वीर नारायण सिंह पुरस्कार



### स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र के साथ मिली 50 हजार रूपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, अवस्यक बालक-बालिकाओं तथा समाज के कमजोर वर्गों पर होने वाले अत्याचार, उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने तथा त्वरित वैधानिक कार्यवाही करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले योग्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्ष-2023 के लिये गठित निर्णायक समिति की अनुशंसाओं के आधार पर सम्मानित किया। इसमें बेमेतरा जिला भी शामिल रहा। स्वतंत्रता दिवस पर थाना-अजाक बेमेतरा को शहीद वीर नारायण सिंह पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इसके तहत स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं नकद 50000 रूपये प्रदान किया गया। विभाग की ओर से कौशल्या साहू उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/म.वि.अ.) ने पुरस्कार ग्रहण किया। प्राप्त पुरस्कार रामकृष्ण साहू, पुलिस अधीक्षक सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये थाना अजाक में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सावन के अंतिम सोमवार को राममय हुआ बरगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

सावन महीना को शिव आराधना के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि राम और शिव जी एक-दूसरे को अपने आराध्य मानते हैं। इसलिए सावन महिना में रामचरित मानस श्रवण का भी बड़ा महत्व है। इन्हीं परम्पराओं का निर्वहन करते छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल के गांव-गांव में रामचरित्र मानस का गान तथा श्रवण किया जाता है। इसी अवसर पर बेमेतरा जिला के ग्राम बरगा में श्रवण मास के हर सोमवार को रामायण का आयोजन सावन में किया जाता है। 19 अगस्त श्रवण मास के अंतिम सोमवार पर सम्मन वर्मा, शिवदयाल निर्मलकर, चंद्रिका साहू, सेवाराम साहू के संयोजन में संतोषी शिव मंदिर मे रामचरित मानस गान सम्पन्न हुआ। मंडली के सदस्य कन्हैया लाल पाल ने बताया कि सावन महिने के प्रत्येक सोमवार को शिव-संतोषी मंदिर में प्रतिवर्ष रामायण का आयोजन होता है। इस अवसर पर सत्संग मानस मंडली के राजेन्द्र राजपूत व्याख्याकार, कन्हैयालाल पाल भजन गायक, नोहर सेन तबला वादक, लेखराम साहू, गंगु गंधर्व ,रामजी निषाद, भीखम साहू, शिवकुमार साहू, सम्मन वर्मा, भुकूराम साहू, सहित गांव के श्रद्धालुओं ने राम कथा का श्रवणपान कर अपने अमूल्य समय का सदुपयोग किया।



संतोषी शिव मंदिर में हुआ रामचरित मानसगान का आयोजन

## ग्रामीण अंचल में दिखी भोजली की रौनक...

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

ग्रामीण अंचल में भोजली की रौनक दिखाई दी। उत्साह के साथ गांव-गांव में विधि विधान से भोजली विसर्जन किया गया। इस दौरान नन्हीं बालिकाओं ने घर-घर जाकर एवं भोजली गीत गाकर विसर्जन की परंपरा का निर्वहन किया गया। बता दें कि भोजली त्यौहार मनाने के लिए नागपंचमी के दिन सुबह गेहूं और ज्वार को भिगोया जाता है। शाम को बांस की एक टोकरी में मिट्टी और खाद डाल कर उसमें गेहूं के बीज डाले जाते हैं। 5 दिन बाद भोजली पौधे के रूप में बाहर निकल कर आती है और रक्षा बंधन के अगले दिन विसर्जन किया जाता है। पहले के लोग कहते थे कि जितनी बड़ी भोजली रहेगी, उतनी ही अच्छी फसल होगी। इसी परंपरा का निर्वहन आज भी ग्रामीण अंचलों में हो रहा है।



### डाइट में मिडिल स्कूल के विज्ञान शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

## प्रायोगिक व प्रदर्शन विधि से जल्दी सीखते हैं विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे के मार्गदर्शन में 21 अगस्त से 23 अगस्त तक कक्षा छठवीं से लेकर के कक्षा आठवीं तक के विज्ञान शिक्षकों के लिए विज्ञान प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसके विधिवत क्रियान्वयन के लिए मंगलवार को डाइट बेमेतरा में मास्टर ट्रेनरों की बैठक रखी गई।

बैठक में प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जिसके मुख्य बिंदु लर्निंग आउटकम्स , अच्छी कक्षा, आंकलन, नेप 2020, विज्ञान की प्रकृति पर आधारित गतिविधि, प्रकाश की प्रकृति, रासायनिक अभिक्रिया, अवलोकन की प्रक्रिया, सजीवों में श्वसन एवं प्राकृतिक घटना का वैज्ञानिक समझ आदि हैं। प्रशिक्षण पश्चात शिक्षक छात्रों में वैज्ञानिक सोच के साथ सकारात्मक विचार को बढ़ावा दे सकेंगे। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि प्रथम चरण के प्रशिक्षण में दो विकासखण्ड नवागढ़ एवं साजा के 90 विज्ञान विषय पढ़ाने वाले माध्यमिक शिक्षक सम्मिलित होंगे। पहले चरण का प्रशिक्षण 21 अगस्त से 23 अगस्त तक प्रातः 10:30 से 4:30 तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में आयोजित किया जा रहा है। इसमें मास्टर ट्रेनर्स के रूप में मंजू साहू शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका तथा केजहा राम निषाद व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल करंजिया नवागांव तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्रेया दुबे इस प्रशिक्षण के लिए डीआरजी नियुक्त किये गए हैं जबकि इस प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डाइट की व्याख्याता कीर्ति घृतलहरे है। जो प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रायोगिक कार्य के माध्यम से विज्ञान प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस संबंध में डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने प्रशिक्षण के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी किसी भी कार्य को करके ही बहुत जल्दी और अच्छी तरह सीखते हैं। इसलिए शिक्षकों को अपने शिक्षण कार्य में प्रायोगिक विधि और प्रदर्शन विधि का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए सभी मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इस प्रशिक्षण को पूरी तरह से गंभीरता पूर्वक आयोजित किया जाएगा। सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए सुबह चाय नाश्ते की और दोपहर में भोजन की व्यवस्था की गई है। सभी प्रशिक्षणार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे। इस संबंध में सभी बीईओ और बीआरसी को पहले निर्देश दिया जा चुका है।



**पहले चरण में 90 शिक्षक होंगे शामिल-** पहले चरण में दो विकासखंडों के 90 विज्ञान शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। तथा इस प्रशिक्षण में पहले भाग लेने वाले सभी विज्ञान शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। ऐसे ही शिक्षक ऑफलाइन प्रशिक्षण में उपस्थित होंगे।

### अहेरी में मिले शव की नहीं हो पाई शिनाख्त

**भिलाई।** नंदिनी थाना क्षेत्र में युवक का शव तालाब में मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पुलिस पहुची और शव का शिनाख्त का प्रयास किया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम अहेरी चुनरी खार मुरम खदान तालाब में अज्ञात युवक की लाश मिली है। जिसकी उम्र 35-40 वर्ष हो कती है युवक का हुलिया शरीर पर नीले रंग का टी शर्ट लोवर में एवेंजर्स लिखा है। पुलिस वारिसन की तलाश में लगी हुई है। लाश शनिवार को मिली थी। शव मिले तीन दिन हो चुका है। पुलिस आसपास से लापता हुए लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसके अलावा दिगर थानो, सोशल मीडिया में फोटो को वायरल कर शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### 22 को कांग्रेस करेगी ईडी कार्यालय का घेराव

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा 22 अगस्त को ईडी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। हिडनबर्ग की नई रिपोर्ट आने के बाद विपक्षी पार्टियां अडानी ग्रुप से जुड़े मामले में जेपीसी की मांग कर रही हैं। अब इसी मामले को लेकर कांग्रेस ने देशव्यापी प्रदर्शन का ऐलान किया है। पिछले दिनों नई दिल्ली में कांग्रेस की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 22 अगस्त को हर राज्य की राजधानी में ईडी का ऑफिस है और कांग्रेस कार्यकर्ता ऑफिस का घेराव करेंगे। पीसीसी ने सभी कांग्रेस अध्यक्षों का पत्र जारी कर कहा है कि राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित ईडी कार्यालय का दोपहर 12 बजे से घेराव किया जाएगा। इस दौरान सभी पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### पौधे रोपे, देखरेख की जिम्मेदारी ली



**रायपुर।** हीरापुर स्थित रिश्ता एसोसिएशन के सदस्यों ने ऑक्सीजन देने वाले फलदार पौधों का रोपण कर उनकी देखरेख की जिम्मेदारी ली। इस मौके पर सदस्यों ने अलग-अलग प्रजाति के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। संस्था के अध्यक्ष विजय गोयल और नरेश केडिया ने बताया कि व्यावसायिक परिक्षेत्र में लगातार लोगों आना-जाना लगा रहता है, इसलिए प्रदूषण नियंत्रण के लिए अभियान चलाकर लोगों को वृक्ष की छाया और भरपूर ऑक्सीजन मिलती रहे, इसके लिए पौधारोपण अभियान चलाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पेड़-पौधे वाष्पोत्सर्जन कर छाया के माध्यम से ठंडक प्रदान करते हैं। परिसर में हरियाली बनी रहे, इसके लिए सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया है। एसोसिएशन के महासचिव रोहित बजाज ने कहा कि वृक्षारोपण के माध्यम से व्यवसायियों और आम जनता को अधिक से अधिक पेड़ -पौधे लगाने प्रोत्साहित किया गया है। साथ ही पेड़ों के निरंतर रखरखाव और देखभाल के साथ ही वृक्षारोपण के महत्व को जन-जन को समझाने का कार्य भी किया जाएगा।

### बगीचों के पाथ-वे पर ब्लीचिंग पावडर छिड़काव



**रायपुर।** नगर निगम द्वारा ऑक्सीजोन सहित विभिन्न उद्यानों के पाथ-वे पर मानसून के दौरान नागरिकों की सुविधा के लिए ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव कराया जा रहा है। साथ ही जोन स्तर की टीमों के माध्यम से ऑक्सीजोन सहित विभिन्न उद्यानों में बंद पड़ी लाइट सुधारने का काम कराया जा रहा है। आयुक्त के निर्देश पर उद्यानों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराई जा रही है।

### ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में की गई पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सावन महीना के पांचवें सोमवार को ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। जिसमें ममता चंद्राकर, कीर्ति पटेल, लीना चंद्राकर, मीना चंद्राकर, देवकी चंद्राकर, पूनम चंद्राकर, त्रिवेणी चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# निगम, मंडल, आयोग की सूची वायरल, भाजपा में हलचल, संगठन ने कहा- अभी कुछ तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश सरकार द्वारा निगम, मंडल और आयोग में नियुक्तियों को लेकर काफी समय से कवायद चल रही है। सोमवार को सोशल मीडिया में 36 पदों को लेकर एक सूची वायरल हुई है। इस सूची को प्रस्तावित बताया जा रहा है। इस सूची के वायरल होने पर भाजपा में हलचल तेज हो गई है। भाजपा नेता यह जानने में लग गए हैं कि इस सूची की सच्चाई क्या है। प्रदेश संगठन के महामंत्री रामू रोहरा का कहना है, अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद निगम, मंडल और आयोगों में नियुक्तियों को लेकर दिल्ली के आला नेताओं से भी चर्चा हो चुकी है। लगातार खबरें आती रही हैं कि जल्द पहली सूची जारी होगी। इस सूची में एक दर्जन नाम होने की बात की जा रही है, लेकिन अचानक एक सूची सामने आई है, जिसमें 36 नाम हैं। इस सूची में जो नाम हैं, वो ऐसे नाम है जिन्होंने वास्तव में भाजपा के विपक्ष में रहते हुए मेहनत करने का काम किया है। जानकार सूत्र वैसे भी दावा कर रहे हैं कि इस बार भाजपा संगठन ऐसे कार्यकर्ताओं को पद देने की मंशा बना रहा है, जिन्होंने मेहनत की है। अब इस प्रस्तावित सूची के वायरल होने के बाद इसकी सच्चाई को लेकर सभी पता करने में लगे हैं।

### वायरल सूची में इनके नाम

1- रोहित साय अध्यक्ष लघुवनोपज बोर्ड
2- देवजी भाई पटेल अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम
3- विजय शंकर मिश्रा - अध्यक्ष ब्रेवरेज कार्पोरेशन
3- राजा पांडे अध्यक्ष खाद्य आयोग
4- यशवंत जैन अध्यक्ष भंडार गृह निगम
5- मधुसूदनयादव अध्यक्ष मार्कफेड
6- कृष्णा राय- अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड
7- श्रीनिवास मद्दी अध्यक्ष वन वित्त विकास निगम
8- संदीप शर्मा अध्यक्ष कृषक कल्याण परिषद
9- प्रबल प्रताप जूदेव अध्यक्ष पर्यटन बोर्ड
10- पूनम चंद्राकर अध्यक्ष बीज विकास निगम
11- रजनीश सिंग अध्यक्ष भवन निर्माण कर्मकर मंडल
12- नीलू शर्मा अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल
13- नंदन जैन अध्यक्ष नागरिक आपूर्ति निगम
14-वर्णिका शर्मा अध्यक्ष सामाजिक कल्याण विभाग

### वायरल सूची में 36 नामों में ज्यादातर नए चेहरे, आधा दर्जन पुराने

15- नंदकुमार साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड
16- अवधेश चंदेल अध्यक्ष हाथकरघा उद्योग
17- जितेंद्र वर्मा अध्यक्ष अंतव्यवसायी निगम
18- राजीव अग्रवाल अध्यक्ष सीएसआईडीसी
19- सौरभ सिंग अध्यक्ष खनिज विकास निगम
20- निर्मल सिन्हा अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग
21- विकास मरकाम अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग
22- रवि भगत अध्यक्ष युवा आयोग
23- नरेश गुप्ता अध्यक्ष वित्त आयोग
24- केदार गुप्ता आयुक्त निशक्तजन
26- शशिकांत द्विवेदी अध्यक्ष एपेक्स बैंक
27- अशोक साहू अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग
28- भूपेन्द्र सवन्नी अध्यक्ष हाउसिंग बोर्ड
29- डा. विमल चोपड़ा अध्यक्ष सिरपुर प्राधिकरण
30- नज्मा अजीम अध्यक्ष उर्दू अकादमी
31- मख़मुर इक़बाल खान अध्यक्ष मदरसा बोर्ड
32- इंद्रजीत सिंग गोल्डी अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग
33- शकील अहमद अध्यक्ष हज कमेटी
34- रिजवान पटवा अध्यक्ष वक्फ बोर्ड
35- दिनेश गांधी अध्यक्ष राजगामी संपदा
36- प्रफुल विश्वकर्मा आयुक्त स्काउट गाइड



**अभी कुछ तय नहीं**

नियुक्तियों का अधिकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का है। अभी कुछ तय नहीं हुआ है।

**- रामू रोहरा**
प्रदेश महामंत्री, भाजपा

## समिति सरकार को देगी सुझाव पर रिपोर्ट

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव साथ-साथ, सुझाव आए, अब समिति देगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव एक साथ होने चाहिए या नहीं? राज्य सरकार ने इस संबंध में प्रदेश के आम लोगों से 17 अगस्त तक सुझाव मंगाए थे। सरकार को सुझाव मिले हैं, लेकिन अभी उसका परीक्षण किया जाना है। इस पूरे मामले में सुझावों पर मिली रिपोर्ट के आधार पर सरकार को फैसला करना है कि ये दोनों चुनाव एक साथ कराए जाएं या नहीं। विधानसभा के मानसून सत्र में इस संबंध में एक अशासकीय संकल्प लाया गया था। इसके बाद राज्य सरकार ने इस संबंध में एक कमेटी का गठन कर सुझाव लिए हैं।

- 17 अगस्त तक आम लोगों से मांगे थे सुझाव




### सरकार ने गठित की है समिति

*राज्य सरकार ने नगरीय निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय निर्वाचन एक साथ करवाने के संबंध में विचार तथा परीक्षण करवाने के लिए एक समिति गठित की है। इस समिति को समकालिक स्थानीय निर्वाचन कराने के लिए आवश्यक वैधानिक मुद्दे एवं उन्हें निराकृत करने हेतु आवश्यक कार्यवाही, समकालिक स्थानीय निर्वाचन संपादित करने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय विषयों, समय-सीमा तथा उत्तरदायित्व निर्धारण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना है। बताया गया है कि इस संबंध में मिले सुझाव के आधार पर समिति अपनी रिपोर्ट सरकार के समक्ष पेश करेगी। रिपोर्ट का अध्यन करने के बाद राज्य सरकार इस पर निर्णय लेगी।*

### ये है एक प्रदेश एक चुनाव दांव


*जानकार सूत्रों की मानें, तो यह पूरा मामला एक प्रदेश एक चुनाव की रणनीति पर आधारित है। दरअसल प्रदेश की भाजपा सरकार एक देश एक चुनाव की तर्ज पर एक प्रदेश एक चुनाव की दिशा में पहला बड़ा कदम उठा सकती है, लेकिन दूसरी ओर विपक्षी कांग्रेस इसके खिलाफ है। जब ये अशासकीय संकल्प लाया गया था तब भी विधानसभा में विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने इसका विरोध किया था।*

### विधानसभा में आया था अशासकीय संकल्प

हाल में संपन्न हुए राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान इस संबंध में भाजपा विधायक राजेश मूणत ने अशासकीय संकल्प पेश किया था। हालांकि विभागीय मंत्री के आग्रह पर उन्होंने ये अशासकीय संकल्प वापस भी लिया था। सरकार की ओर से इस संबंध में विचार करने के लिए समिति बनाने की बात कही गई गई थी। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में सुझाव मांगे जाने संबंधी आम सूचना में कहा गया था कि वित्तीय एवं मानव संसाधनों की बचत के माध्यम से समकालिक स्थानीय निर्वाचन के लाभों को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा में प्रस्तुत अशासकीय संकल्प की चर्चा अनुसार समिति द्वारा समकालिक निर्वाचन कराये जाने पर समुचित विचार कर राज्य शासन को अनुशंसा दी जानी है।

# जमकर बरसा सावन, छत्तीसगढ़ के 12 बड़े बांधों में पिछले दो साल के मुकाबले अधिक पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



इस मानसून सीजन में सावन का महीना समाप्त होने तक अच्छी बारिश दर्ज की गई है। छत्तीसगढ़ में 12 बड़े (मेजर) बांधों में पानी की मात्रा काफी बढ़ी है। जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बड़े बांधों में करीब 83 प्रतिशत पानी जमा हो गया है। पिछले दो साल 2022 और 2023 के मुकाबले अधिक पानी जमा हुआ है। खास बात ये है कि बिलासपुर के खारंग और मनियारी (मुंगेली) में जलभराव 100 प्रतिशत हो चुका है, लेकिन दूसरी ओर महासमुंद जिले का कोडार बांध आधा भी नहीं भर पाया है।

- कोडार, केलो, अरपाझार आधे भी नहीं भर पाए
- सावन में औसत से 8 प्रतिशत बारिश रिकार्ड हुई

छत्तीसगढ़ में इस साल सावन का महीना शुरू होने से पहले तक बहुत कम बारिश होने की वजह से चिंता का माहौल बन रहा था, लेकिन पिछले महीने की 22 तारीख से सावन शुरू होने के दिन से लगातार बारिश होती रही। सावन के महीने में दो दिन छोड़कर लगभग सभी दिन बारिश हुई है। 16 जुलाई की स्थिति में राज्य में बारिश सामान्य औसत से 25 प्रतिशत कम हुई थी, लेकिन सावन के महीने की बारिश को मिलाकर सामान्य औसत से 8 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है।

### बांधों का जलस्तर पिछले दो साल से अधिक

*प्रदेश में अब तक करीब 800 मिमी बारिश हो चुकी है, लेकिन यह बारिश पूरे राज्य में एक समान नहीं हुई है। अभी भी 12 जिलों में कम बारिश हुई है। यही कारण है कि जिन जिलों में कम बारिश हुई है वहां के बांधों में जलस्तर कम है। लेकिन राज्य के सभी 12 बड़े बांधों में जल भराव की औसत स्थिति देखें तो साफ होता है कि इस साल यहां जलभराव 82.68 प्रतिशत हो गया है। जबकि 2022 में इसी समय तक 79.31 प्रतिशत और 2023 में 77.08 प्रतिशत बांध भरे थे।*

### एक नजर बड़े बांधों की स्थिति पर

राज्य के 12 बड़े बांधों में मिनीमाता बांगों में 81 प्रतिशत रविशंकर सागर धमतरी में करीब 92 प्रतिशत, तांदुला बालोद में 90 प्रतिशत, दुधावा कांकेर में 84 प्रतिशत, सिकासार गरियाबंद में 92 प्रतिशत, खारंग बिलासपुर 100 प्रतिशत, सोंढूर धमतरी में 72 प्रतिशत, मुरमसिल्ली धमतरी में 86 प्रतिशत, मनियारी मुंगेली में 100 प्रतिशत, जल भराव है। लेकिन इसके साथ ही तीन बड़े बांध ऐसे भी हैं जहां क्षमता का आधा पानी भी जमा नहीं हो पाया है। इनमे कोडार महासमुंद 42 प्रतिशत, केलो रायगढ़ में 39 प्रतिशत,अरपा भैंसाझार में 43 प्रतिशत पानी जमा हो पाया है।

# छत्तीसगढ़ कैडर के 12 आईएएस और आईपीएस बनाए गए केंद्रीय आब्जर्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




हरियाणा और जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ कैडर के 9 आईएएस और तीन आईपीएस को सेंट्रल आब्जर्वर बनाया गया है। चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण चुनाव कराने अफसरों के नामों की सूची जारी कर दी है। केंद्रीय आब्जर्वर को संबंधित राज्यों में जाकर चुनाव तक रहना होगा। जम्मू कश्मीर में तीन चरण और हरियाणा में एक चरण में मतदान होंगे। दोनों राज्यों में मतगणना 4 अक्टूबर को होगी। चुनाव की घोषणा के बाद निर्वाचन आयोग शांतिपूर्ण चुनाव कराने की तैयारी में जुटा हुआ है। निर्वाचन आयोग ने सेंट्रल ऑब्जर्वर की नियुक्ति की है, जिनमें छत्तीसगढ़ के 12 आईएएस और आईपीएस अफसरों को भी शामिल किया गया है। नियुक्त सभी पर्यवेक्षकों को 22 अगस्त को नई दिल्ली बुलाया गया है। वहां चुनाव आयोग सभी केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश देगा। 22 अगस्त के बाद उन्हें संबंधित राज्यों के निर्वाचन क्षेत्रों में कार्य देखना होगा। केंद्रीय पर्यवेक्षक चुनाव में खर्च सहित आदर्श चुनाव आचार संहिता के मामलों में प्रत्याशियों की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। निर्वाचन आयोग को इसके संबंध में आवश्यक जानकारी भी देंगे। मतदान के बाद मतगणना पर भी केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नजर होगी।

- 22 को दिल्ली में बैठक के बाद राज्यों में जाएंगे पर्यवेक्षक

### प्रशांत और उदय किरण बने ऑब्जर्वर

*इलेक्शन के लिए ऑब्जर्वर बनाए गए तीन आईपीएस अधिकारियों में प्रशांत कुमार अग्रवाल, अभिषेक मीणा, उदय किरण का नाम शामिल है।*

### इन्हें मिली जिम्मेदारी

*इलेक्शन कमीशन ने छत्तीसगढ़ के 9 आईएएस अफसरों को ऑब्जर्वर बनाया है, उनमें हिमशिखर गुप्ता, राजेश सिंह राणा, नरेंद्र कुमार दुग्गा, भीम सिंह, डॉ. प्रियंका शुक्ला, जय प्रकाश मौर्य, संजीव कुमार झा, विनीत नंदनवार और ऋतुराज रघुवंशी के नाम शामिल हैं।*

**कर्मचारियों के ईपीएफ की राशि जमा नहीं करने पर कार्रवाई**

# लोक निर्माण विभाग का खाता सीज सड़क निर्माण का भुगतान अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



बस्तर में ग्रामीण सड़क प्रोजेक्ट के अंतर्गत बन रही सड़कों के निर्माण ठेकेदारों को भुगतान नहीं हो पा रहा है। बताया जाता है कि लोक निर्माण विभाग का बैंक खाता सीज होने के कारण यह भुगतान रुका हुआ है। विभागीय अधिकारी बताते हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि की राशि जमा नहीं करने के कारण उनका बैंक खाता ईपीएफ के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सीज कर दिया गया है। बस्तर में पी ए म जे ए स वा य ग्रामीण के तहत स्वीकृत सड़कों में जो सड़कें नहीं बन पा रही थीं, उनकी क्रियान्वयन एजेंसी लोक निर्माण विभाग को बनाया गया था। बस्तर में आरआरपी-3 के तहत करीब 4 हजार करोड़ की सड़कों का निर्माण हो रहा है। यहां पर पिछले एक माह से ठेकेदारों को उनके काम का भुगतान नहीं हो पा रहा है। विभागीय अधिकारी बताते पिछले एक माह से कई ठेकेदार भुगतान के लिए भटक रहे हैं। बस्तर के ग्रामीण क्षेत्रों में बन रही सैकड़ों सड़क नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रमीण क्षेत्रों को जोड़ने की योजना के तहत उनकी स्वीकृति की गई है। पिछले एक साल से अधिक समय से इन सड़कों के निर्माण का कार्य चल रहा है, इस बीच अब नई समस्या खड़ी हो गई है।

- अधोसंरचना विकास निगम में जीएसटी के कारण एक माह से रुका भुगतान

### भुगतान की प्रक्रिया हुई लंबी

सड़कों के निर्माण के भुगतान के संबंध में पहले ईई को अपने क्षेत्र में बन रही सड़कों के भुगतान का अधिकार दिया गया था। अब उस प्रक्रिया को और लंबा कर दिया है। अब सभी फाइलों को ईएनसी तक भ जा रहा है, तब भुगतान स्वीकृति के आदेश जारी हो रहे हैं। अब फाइलों में सब इंजीनियर से लेकर एसडीओ के सहमति के बाद फाइल ईएनसी तक पहुंचती है। ऐसा करने से प्रक्रिया में अकारण विलंब होने का खामियाजा ठेकेदारों को भुगतना पड़ता है।

### अधोसंरचना विकास निगम की सड़कों का यही हाल

छत्तीसगढ़ सड़क एवं अधोसंरचना विकास निगम के तहत बनने वाली सड़कों के भुगतान को लेकर ठेकेदारों को भुगतान नहीं हो पा रहा है। यहां पर जीएसटी के भुगतान के मामले को लेकर भुगतान लटकाया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के लिए राज्य सरकार ने एक एजेंसी का निर्माण किया था जो ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के निर्माण को अपने स्तर पर पूरा कराता है।

**बैंक खाते का इश्यू, दूर करने का प्रयास**

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आरआरपी-3 में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदारों का भुगतान लंबित है। विभागीय बैंक खाते की समस्या को लेकर ऐसा हो रहा है। विभाग इसे दूर करने के प्रयास में है।

**- केके पिपरी,** ईएनसी, लोक निर्माण विभाग

# 12 सालों से नहीं बढ़ी आरटीई फीस, निजी स्कूलों ने खोला वृद्धि के लिए मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों को दी जाने वाली राशि में वृद्ध की मांग प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा की गई है। इसके लिए निजी स्कूलों ने मोर्चा खोल दिया है। इसके अलावा निजी स्कूल संगठन द्वारा बसों की फिटनेस 12 वर्ष से बढ़ाकर 15 वर्ष करने की मांग की गई है। निजी स्कूलों का कहना है कि अधिकतर राज्यों में स्कूली बसों की फिटनेस अवधि 15 वर्ष है। स्कूल संचालन में प्रयुक्त होने वाले बसों का प्रयोग यात्री बसों की तुलना में कम होता है। इसलिए इसकी भी फिटनेस अविध 15 वर्ष कर दी जाए। निजी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी सरस्वती साइकिल योजना का लाभ देने की मांग की गई है। साथ ही अशासकीय स्कूलों की मान्यता नियमों को सरलीकृत एवं प्रदेश में एक समान की मांग रखी गई है। स्कूल एसोसिएशन का कहना है कि निजी स्कूलों को मान्यता 5 वर्षों के लिए प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें सुविधा हो सके। हर जिले में अलग नियमों का पालन होता है। किसी जिले में एक साल में तो किसी जिले में तीन साल में मान्यता का नवीनीकरण होता है।

- बसों की फिटनेस अवधि भी 12 की जगह 15 वर्ष किए जाने की मांग

### राशि दोगुनी करने की मांग

लंबे समय तक एक ही मापदंड पर फीस भुगतान किए जाने को लेकर भी निजी स्कूल संगठनों में रोष है। उनका कहना है कि पिछले 12 वर्षों से आरटीई की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है। आरटीई की राशि प्राथमिक कक्षाओं में 7000 से बढ़कर 15000, माध्यमिक की 11,500 से बढ़ाकर 18,000 एवं हाई और हायर सेकंडरी की अधिकतम सीमा को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 तक किया जाए। अन्य राज्यों में दी जाने वाली राशि का भी उल्लेख करते हुए वृद्धि की मांग की है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता का कहना है कि बजट में आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि के लिए 65 करोड़ का प्रावधान है, जबकि इतने सालों में छात्र संख्या बढ़ने के कारण यह राशि अब पर्याप्त नहीं है। इसे बढ़ाकर 150 करोड़ किया जाना चाहिए। हर वर्ष स्कूलों को आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि प्रदान करने में विभाग से इस कारण विलंब होता है।

# सोने-चांदी में जीएसटी एक फीसदी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सराफा एसोसिएशन रायपुर के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सोने-चांदी में जीएसटी की दर घटाकर एक प्रतिशत करने की मांग की है। सोने, चांदी में वर्तमान में तीन फीसदी जीएसटी लग रहा है। इसमें दो प्रतिशत कटौती की मांग के साथ कहा गया है, इससे सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने के भाव में एकरूपता आएगी। सोने के स्थानीय निर्मित जेवर का निर्यात बढ़ने से लोकल कारीगरों को रोजगार भी ज्यादा मिलेगा। केंद्रीय वित्तमंत्री को लिखे पत्र में श्री मालू ने कहा है, जीएसटी की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए, जिससे कि आम व्यापारी भी रिटर्न एवं अन्य प्रक्रियाओं को आसानी से पूरा कर सकें। साथ ही सराफा व्यवसाय के अंतर्गत ट्रैवलिंग कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों के लिए जीएसटी विभाग द्वारा एक प्रारूप निर्धारित किया जाए, जिसे साथ रखकर व्यापारी ट्रैवलिंग कर आसानी से व्यवसाय कर सके एवं विभिन्न विभागों की अनावश्यक कार्रवाई और असुविधाओं से उन्हें निजात मिल सके। श्री मालू का कहना है, भारत सरकार द्वारा वर्तमान में एमएसएमई में पंजीकृत उद्योग एवं व्यापारिक इकाइयों को 15 दिनों में भुगतान की अनिवार्यता की गई है और वर्ष के अंत में जो भी देनदारी बाकी रहेगी, उसका 15 दिनों में भुगतान नहीं होने पर बिल की राशि को उस वर्ष की आय में जोड़ दिया जाएगा, यह व्यापारियों के व्यापार करने के मौलिक अधिकार का हनन है। इस व्यवस्था को खत्म किया जाए।श्री मालू का कहना है कि वर्तमान में व्यापार एवं उद्योग इकाइयां, निर्माण, होलसेल, रिटेल सभी अत्यधिक व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के चलते विभिन्न सुविधाजनक आधार पर व्यवसाय करते हैं जिसमें 90 दिन में भुगतान की समय सीमा सम्मिलित है।

# रीवांगहन के ग्रामीणों ने डीईओ से की प्रधानपाठक की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



शाला प्रबंधन समिति रीवागहन के सदस्यों ने शासकीय प्राथमिक शाला रीवागहन प्रधानपाठक प्रकाश सिंह उर्वशा के खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन सौपा है। ग्रामीणों ने उक्त शिक्षक का नशे की हालत का वीडियो व फोटो भी अधिकारी को उपलब्ध कराया है।

आवेदन में कहा गया है कि प्रकाश सिंह उर्वशा जो कि प्रधानपाठक के पद पर ग्राम रीवागहन में पदस्थ हैं, वे नियमित शराब सेवन करके विद्यालय आते हैं। पूर्व में भी दो बार उनकी शिकायत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय डौण्डीलोहारा से की जा चुकी है, किन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे उक्त शिक्षक के आचरण में कोई बदलाव नहीं आया है। अभी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन भी वह नशे में धुत होकर विद्यालय आया था। जिसका वीडियो बनाकर सीएसी के माध्यम से तथा शाला प्रस्ताव भी कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डीलोहारा को भेजा गया था, किन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अभी भी उक्त शिक्षक नशे में विद्यालय आता है, जिससे बच्चे डरे रहते हैं और हमें भी अपने बच्चों की चिंता रहती है और कार्रवाई न होने पर हमें आपके पास आना पड़ा है। इसलिए उक्त शिक्षक प्रकाश सिंह उर्वशा को तत्काल वहां से हटाया जाए। ग्रामीणों ने कहा नहीं हटाए जाने पर विद्यालय में ताला बंद करके प्रदर्शन करने को हम मजबूर रहेंगे।

# बीएसपी कर्मियों के एलटीसी, एलटीए का मामला पहुंचा न्यायालय

## असिस्टेंड लेबर कमिश्नर की सुनवाई में बीएसपी व एचएमएस ने एफओसी जाने दी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों एलटीसी व एलटीए का विवादित मामला न्यायलय पहुंच गया है। यूनियन को कर्मियों के पक्ष में न्याय मिलने की उम्मीद है। असिस्टेंट लेबर कमिश्नर (केंद्रीय) की सुनवाई में एचएमएस ने मामले में प्रभावी ढंग से कर्मियों का पक्ष रखा । दोनों पक्षों के अडिग होने पर एफओसी जाने दी सहमति

भिलाई श्रमिक सभा एचएमएस यूनियन द्वारा असिस्टेंट लेबर कमिश्नर (केंद्रीय) रायपुर के समक्ष लगाए गए परिवाद में यूनियन ने एलटीसी एवं एलटीए के मद में कर्मचारियों ने सब ब्लॉक ईयर 2021-2023 के लिए जो राशि आहरित की थी, प्रबंधन ने नवंबर 2022 से जनवरी 2023 के बीच इस राशि की पूरी रिकवरी कर ली थी। यूनियन के महासचिव प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि परिवाद में यूनियन ने इस कटौती को गलत ठहराया। यूनियन का पक्ष था कि सब ब्लॉक ईयर 2019- 2021 को यदि मान्य कर भी लिया जाए तो अप्रैल 2021 से 17 नवंबर 2021 के बीच का एलटीसी एवं एलटीए का नगदीकरण का पैसा कैसे रिकवर कर लिया गया । यह गैरकानूनी है क्योंकि सब ब्लॉक ईयर समाप्त होने के दो माह पूर्व ही रिकवरी की गई है। जानकारी पूर्व में कर्मचारियों को नहीं दी गई । प्रबंधन ने जवाब में तर्क दिया कि जब 18 नवंबर 2021 से वेरिएबल पर्क लागू हो गया तब कर्मचारियों को एलटीसी /एलटीए लेकर यात्रा करना था तथा टिकट दिखाकर इनकम टैक्स में छूट प्राप्त करनी थी, हमें कॉरपोरेट ऑफिस से रिकवरी करने का आदेश मिला है।

### कर्मियों के पक्ष में यूनियन की दलीलें

जब सब ब्लॉक किया समाप्त होने के दो माह पूर्व रिकवरी की जानकारी दी जाएगी तो कर्मचारी 2 माह के बीच में एलटीसी/एलटीए कैसे ले सकेंगे जबकि पर्क का बास्केट भी अगस्त 2022 में लाया गया उस समय भी रिकवरी की जानकारी नहीं दी गई जो तर्कसंगत नहीं है। फिर कर्मियों को एलटीसी/एलटीए का नगदी कारण मिलता रहा है जो हमारे फिक्स पर्क का हिस्सा है एक तो रिकवरी करना गलत है दूसरा यदि रिकवरी की भी गई तो कर्मचारियों का 1 अप्रैल 2021 से 17 नवंबर 2021 तक का फिक्स पर्क का भाग क्यों रिकवरी किया गया तथा जिन कर्मचारियों ने एलटीसी/ एलटीए नगदीकरण नहीं किया उन्हें भी 1 अप्रैल 2021 से 17 नवंबर 2021 तक का एलटीसी/एलटीए नगदीकरण का हिस्सा दिया जाना था।जिन कर्मचारियों ने एलटीसी/एलटीए नगदीकरण कराया था उन कर्मचारियों ने तीन दिन की छुट्टी ली थी उन्हें उनकी छुट्टी वापस करनी थी लेकिन प्रबंधन ने ऐसा नहीं किया।




### एफओसी जाने दोनों पक्ष सहमत

दोनों पक्षों को सुनने के बाद कॉन्सिलेशन ऑफिसर सहायक श्रमायुक्त (केंद्रीय) रायपुर ने बताया कि इस संबंध में कई बैठकें हो चुकी है, दोनों पक्ष अपनी अपनी मांग पर अडिग है । अब एफओसी किया जाना उचित होगा । इस पर दोनों पक्षों में सहमति प्रदान की। अब यह मामला सेंट्रल लेबर कमिश्नर के माध्यम से अंडर सेक्रेटरी (श्रम मंत्रालय) द्वारा सेंट्रल गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल कम लेबर कोर्ट जबलपुर में भेजा जाएगा। आगे की सुनवाई न्यायालय में होगी। परिवाद की सुनवाई के समय यूनियन की ओर से यूनियन के अध्यक्ष हरीराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदित्य माथुर, महासचिव प्रमोद कुमार मिश्र तथा प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक नियमन अनुराधा सिंह एवं सहायक महाप्रबंधक तुषार राय चौधरी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कुसुमकानन मंदिर से निकली शिवनाथ पदयात्रा

**भिलाई**। शिव मंदिर कुसुम कानन मंदिर से पांचवे सावन सोमवार पर 72 शिवभक्तों की शिवनाथ पद यात्रा निकली। भक्तों ने मंदिर में जल कलश अभिषेक किया और महाप्रसाद भोग लगाया। संयोजक निर्मलचंद्र शर्मा ने बताया कि 38 वें वर्ष के कांवड़यात्रा में भक्तों ने सामूहिक पूर्जाअर्चना की। रात मे कलश में जलभरकर अभिषेक किया।

### एम पापाराव बने गंगाधर सेवा संगम के अध्यक्ष



**भिलाई**। श्री गंगाधर सेवा संगम (डोकुलापाडू) भिलाई का चुनाव पिछले दिनों संपन्न हुआ। इसमें नए पदाधिकाारियों का निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष एम पापाराव चुने गए। मुख्य चुनाव अधिकारी के. उमाशंकर राव ने बताया कि मतगणना शाम 7.30 बजे से प्रारंभ होकर रात 1 बजे तक पूर्ण हुई। सहायक चुनाव अधिकारी एम. अप्पाराव, टी. बबुलू , एम. ईश्वर राव, के. पापाराव ने चुवाव सम्पन्न करने में अपनी जिम्मेदारी निभाई। निर्वाचन के बाद अध्यक्ष एम पापा राव, महासचिव वी अप्पाराव, कोषाधिकारी पी कामेश्वर राव, उपाध्यक्ष पी यरन्ना, उप महासचिव एम आदिनारायण, सह सचिव वी कामेश्वर राव, उप कोषाधिकारी ए कृष्णा ने जीत हासिल की। उक्त चुने हुए प्रतिनिधियों का कार्यकाल वर्ष 2024 से 2027 तक होगा।

### लोधी समाज की शोभायात्रा



**भिलाई**। शहर में मंगलवार को लोधी समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ भोजली पर्व के उपलक्ष्य में आकर्षक शोभा यात्राएं निकली। मनमोहक झांकियों और बाजे गाजे के साथ निकली शोभायात्रा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। लोधी समाज द्वारा शीतला तालाब क्षेत्र से निकली शोभायात्रा में महिलाएं सर पर भोजली की टोकनी रखी हुई थी व देवी देवताओं के प्रतिरूप की झांकियां भी शामिल थीं। वहीं अवंतिबाई चौक कोहका से लोधी समाज की दूसरी शोभायात्रा निकली।

### लाखों वाहनों का बोझ नहीं झेल पा रहीं संकरी व जर्जर सड़कें

# महानगर की तरह बढ़ रहा ट्रैफिक लेकिन विकसित नहीं हुआ सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महानगर के रुप में आकार ले रहे भिलाई में बढ़ता फर्राटा कल्चर जानलेवा साबित हो रहा है। जल्दी गंतव्य स्थल पहुंचने की कोशिश दुर्घटना में तब्दील हो रही है। ट्रैफिक की समस्या के लाइलाज होने का खामियाजा वाहनचालकों के साथ राहगीरों को भी भुगतना पड़ रहा है।

शहर में बढ़ता ट्रैफिक रोजाना किसी न किसी की जान ले रहा है और अपाहिज कर रहा है। पटरीपार क्षेत्र के साथ खुले स्पेस वाले बीएसपी टाउनशिप में भी आवागमन जोखिमपूर्ण और दुर्घटनाजन्य होता जा रहा है। व्यस्ततम सड़कों के साथ अंदरुनी इलाकों में भी तेजी से ट्रैफिक बढ़ा है। पिछले दस साल में वाहनों की संख्या तीन गुना बढ़ गई है। सीएएफ फ्लाईओवर नेहरुनगर चौक से लेकर खुर्सीपार डबरापार तक फोरलेन, जुनवानी कोहका कुरुद रोड, हाउसिंग बोर्ड गौरवपथ, सुपेला चौक से अवंतीबाई चौक, नेहरुनगर चौक स्मृतिनगर रोड, खुर्सीपार कैंप रोड, 18 नंबर व लिंक रोड आदि के साथ टाउनशिप में सेंट्रल एवेन्यू, फारेस्ट एवेन्यू, ग्लोब चौक डीपीएस रोड, प्रगतिनगर रोड, सेक्टर एक रोड आदि प्रमुख मार्गों पर दोपहर के दो घंटे छोड़ दें तो, हर वक्त वाहनों का रेला होता है। चौकों पर जाम की स्थिति होती है। शहर व आबादी के विस्तार के साथ ट्रैफिक के भी बढ़ने से अवागमन दुरुह के साथ हादसों का सिलसिला बढ़ रहा है। औसत रोज दस से बीस दुर्घटनाएं हो रही हैं। इनमें हर एक दिन के अंतराल में मौत हो रही है और लोग विकलांग हो रहे हैं। पिछले एक साल में 50 से अधिक लोगों की मौत और डेढ़ से से अधिक लोग अपाहित हो चुके हैं। जानकारों के मुताबिक ट्रैफिक के जानलेवा होने का कारण अव्यस्थित ट्रैफिक सिस्टम, वाहनों की बढ़ती संख्या, जर्जर सड़कें, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, रफ्तार, आवार मवेशी ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही और ट्रैफिक सेंस की कमी आदि कारणों से हादसे बढ़ रहे हैं। सोमवार को अवंतीबाई चौक के निकट जुनवानी रोड पर एक कार सिलेंडर से भरे खड़े ट्रक से टकराने से दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। इसके पूर्व सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर 7 तिराहे पर तेज रफ्तार बाईकचालक ने सड़क पार करती एक महिला को जबरदस्त ठोकर मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया था।

### ड्रग व फर्राटा कल्चर से शहर में बढ़ी दुर्घटनाएं





### कमजोर ट्रैफिक सिस्टम व जागरुकता की कमी


शहर की बसाहट और जनसंख्या बढ़ने के साथ वाहनों की भी तादाद तेजी से बढ़ी है। इस पर कमजोर ट्रैफिक सिस्टम और वाहनचालकों में जागरुकता (ट्रैफिक सेंस) की कमी हादसों की संख्या बढ़ा रहा है। भिलाई में लोकल दोपहिया व कार आदि वाहनों की संख्या 2 लाख से अधिक है। एक लाख से ऊपर कमर्शियल गाड़ियां है। इनके अलावा 20 हजार से अधिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट हैं। इनके अलावा फोरलेन व उतई पाटन रोड आदि से रोज करीब 4 लाख बाहर के वाहन गुजरते हैं। ट्विनसिटी की आबादी 15 लाख से अधिक हो रही है। महानगर में तब्दील हो रहे शहर के इतने बड़े ट्रैफिक के अनुरुप हमारा ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम एंडवास हो पाया है और न ही शहर की सड़कें ही इस लायक बनाई जा सकी हैं। ट्रैफिक समस्या के निदान के लिए मुंबई, दिल्ली और बैंगलुरु की तरह ट्रैफिक व्यवस्था को विकसित किए जाने की जरुरत है। लाखों वाहनों का बोझ संकरी, जर्जर सड़कें झेल नहीं पा रही हैं।

### नशा और आवारा मवेशी से हादसे

शहर में अधिकतर दुर्घटनाओं की वजह नशे में वाहन चलाने, आवारा मवेशी और टीनएज व युवावय लोगों द्वारा स्पीड से गाड़ियां चलाना है। ट्रैफिक पुलिस के सूत्रों के मुताबिक अधिकांश हादसे नशे में वाहन चलाने और स्पीड के कारण हो रहे हैं। विदित हो कि कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि एक नशा करने वाला वाहनचालक आत्मघाती बम की तरह होता है। फोरलेन और सेंट्रल एवेन्यू सहित शहर की सभी सड़कों और वार्डों के अंदर आवारा मवेशियों के विचरने से दुर्घटनाएं बढ़ रही है। जिला अस्पताल व सेक्टर नौ हास्पिटल के ट्रामा व आर्थो विभागों में 90 प्रतिशत मरीज आवारा मवेशी व नशे की वजह से दुर्घटना वाले आते हैं। इसी तरह किशोरों व युवावय बच्चे तेजी से गाड़ियां चला रहे हैं। फिर हेलमेट अनिवार्य होने के बाद भी सभी लोग इसका उपयोग नहीं कर रहे हैं।

# युक्तियुक्तकरण के निर्देशों के विरोध में शिक्षक संघर्ष मोर्चा का आंदोलन कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




युक्तियुक्तकरण के निर्देशों के विरोध में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ज्ञापन सौंपेगा। शालेय शिक्षक संघ की वर्चुअल प्रांतीय बैठक में मोर्चा ने चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

शिक्षक संघ ने कहा कि उटपटांग नियम बनाकर, छत्तीसगढ़ शासन की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी, मुख्यमंत्री संज्ञान लें, छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा को बुलाकर चर्चा करें, तो जरूर समाधान निकलेगा। शालेय शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने वर्चुअल प्रांतीय बैठक कर युक्तियुक्तकरण के निर्देश व शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश स्तर पर बने छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के संदर्भ में बताया कि 22 अगस्त से चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने युक्तियुक्तकरण व ऑनलाइन अवकाश के निर्देशों की आलोचना की तथा कहा कि इन नियमों से विद्यार्थी व शिक्षक दोनों के लिए हानिकारक है। बालोद जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी व प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि संघर्ष मोर्चा अब 21 की जगह 22 अगस्त को ज्ञापन सौंपेगा। शालेय शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, नवीन शिक्षक संघ द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया है, जिसमें 2 अगस्त को जारी युक्तियुक्तकरण नियम का विरोध करने, ऑनलाइन उपस्थिति पर आपत्ति करने सहित मूल मांगों के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया गया है।

■ शालेय शिक्षक संघ की वर्चुअल प्रांतीय बैठक में लिया गया निर्णय

### विरोध के लिए इस तरह की रणनीति

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संचालक वीरेंद्र दुबे, संजय शर्मा, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत ने चरणबद्ध आंदोलन की जानकारी देते हुए कहा है कि 22 अगस्त को सभी जिले में कलेक्टर व डीईओ को ज्ञापन देंगे, 23 अगस्त से 28 अगस्त तक मंत्री, संसद व विधायक को ज्ञापन देंगे, 2 व 3 सितम्बर को सचिव व डीपीआई को ज्ञापन देंगे। 9 सितम्बर को सभी जिला मुख्यालय में धरना, प्रदर्शन किया जाएगा, समयानुसार राजधानी में प्रदर्शन किया जाएगा।

## सावन माह के प्रथम दिवस से शिव मंदिर में जारी अभिषेक और रुद्राभिषेक का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सावन माह की अंतिम सोमवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण कैम्प 01 परिसर में स्थित शंकर जी के मंदिर में सावन माह के अंतिम दिवस रुद्राभिषेक हवन विधि विधान के साथ पंडित आचार्य ओमप्रकाश द्विवेदी के द्वारा संपन्न कराया गया इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे हवन और आरती के उपरांत श्रद्धालुओं को खिचड़ी और हलवा का प्रसाद वितरित किया गया आचार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि सोमवार सावन माह के प्रथम दिवस से ही लगातार मंदिर परिसर में स्थित शिवजी के मंदिर में रुद्राभिषेक का कार्य प्रतिदिन जारी है सैकड़ो की संख्या में शिव भक्ति मंदिर परिसर में रोजना आकर अभिषेक और रुद्राभिषेक के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर रुद्राभिषेक और अभिषेक करते हैं यह प्रक्रिया पिछले कई वर्षों से जारी है आज सावन माह का अंतिम दिवस सौभाग्य से सोमवार का दिन होने की वजह से मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा ही उमड़ा था सुबह से ही मंदिर परिसर में अभिषेक और रुद्राभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ तदुपरांत हवन का कार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी के मंत्र उच्चारण के बीच श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम उपरांत खिचड़ी और हलवा का भोग वितरण किया गया।

■ हवन, भोग भंडारे में श्रद्धालुओं ने लिया भाग

## एजेंसियों की उदासीनता की केयर टेकर भुगत रहे सजा, छग सुरक्षा गार्ड कर्मचारी यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ सिक्योरिटी गार्ड केयर टेकर कर्मचारी संगठन के महासचिव एवं वरिष्ठ श्रमिक नेता एचएस मिश्रा ने रोजगार उपलब्ध कराने के नाम पर ठेकेदार व एजेंसियों द्वारा सुरक्षा गार्डों का शोषण किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बिना साप्ताहिक अवकाश रोजाना लगातार 12 घंटे काम और रविवार को भी काम लेने के बावजूद सुरक्षा गार्ड और केयर टेकर को तय न्यूनतम मजदूरी नहीं दी जा रही है। इस मामले में जिला व पुलिस प्रशासन को स्वतः संज्ञान में लेकर संबंधित ठेकेदार और एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। छत्तीसगढ़ सिक्योरिटी गार्ड केयर टेकर कर्मचारी संगठन के महासचिव एचएस मिश्रा ने बताया कि भिलाई-दुर्ग से लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में सुरक्षा गार्ड एजेंसियों की बाढ़ सी आ गई है। इनमें से 90 प्रतिशत एजेंसियों व ठेकेदार के पास लेबर लाइसेंस, पीएफ कोड, ईएसआई कोड, ट्रेड लाइसेंस व पसारा लाइसेंस नहीं होने की बात सामने आती है। ऐसी एजेंसियों व ठेकेदारों के द्वारा व्यवसायिक एवं औद्योगिक संस्थान, बैंक, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, होटल, रेस्टोरेंट व अन्य सभी संस्थानों में कही दस, कही पच्चीस कही सौ, दो सौ से तीन सौ तक व बड़ी एजेंसिया जो संपूर्ण भारत में सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन सुरक्षा गार्डों को सरकार के बनाए नियमों के तहत लाभ व सुविधा न देकर आर्थिक, शारीरिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है।

### निजी हॉस्पिटल में काम करने वाले स्टॉफ भी वंचित

निजी अस्पतालों में काम करने वाले लगभग सभी अस्पतालों में दो सौ से तीन सौ कर्मचारी मजदूर व वार्ड बॉय व नर्सें काम करती है। लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपने कर्मचारियों और अधीनस्थ मजदूरों को न्यूनतम वेतन, ईपीएफ सहित अन्य सुविधाएं नहीं दी जा रही है। और पांच हजार, सात हजार अधिक से अधिक आठ हजार माहवारी भुगतान किया जाता है। जिनको कोई बोनस, कोई मंहगाई भत्ता, न्यूनतम वेतन, बैंक पैमेंट, वेतन पर्ची, ज्वाइनिंग लेटर, आईकार्ड, छुट्टियों की सुविधा व काम से निकालने के बाद उन्हें अंतिम भुगतान नहीं दिया जाता है। मिश्रा ने कहा कि कारखाना प्रबंधन या सुरक्षा गार्ड का सेवा लेने वाली कोई भी संस्थान न्यूनतम वेतन से कम दर पर किसी को भी काम न दें। अन्यथा उनके खिलाफ शिकायत की जाएगी।

## परशुराम भवन में महिलाओं का तीज मिलन समारोह



**भिलाई**। भूमिहार ब्राह्मण समाज कि महिलाओं द्वारा परशुराम भवन सेक्टर 2 पर तीज मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह कि मुख्य अतिथि रजनी बघेल, वशिष्ठ अतिथि रिचा सेन, उपासना साहू एवं लता सिंह उपस्थित थीं। समारोह में तीज क्वीन, डांस प्रतियोगिता एवं हाउसी के इवेंट्स आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने इवेंट्स में भाग लिया। तीज क्वीन प्रतियोगिता में प्रथम अमृता सिंह, द्वितीय रुचि राय, तृतीय सीमा साही विजेता रहे। डांस प्रतियोगिता में प्रथम पूजा शर्मा, नीलू शर्मा द्वितीय रुचि राय, पूजा शर्मा, अमलेश राय, रेनू पांडेय, रेनू राय रहे, तृतीय डॉक्टर ममता, मिक्की सिन्हा रही।

### ग्रामीणों ने लगाया सफाई पर ध्यान नहीं देने का आरोप

# परसाही में पसरी गंदगी, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

विकासखंड बालोद अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरी के आश्रित ग्राम परसाही के ग्रामीण चावेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि गांव में गंदगी पसरी हुई है। दुर्गंध से ग्रामीण परेशान हैं। गांव के वार्ड पंच एवं सरपंच साफ सफाई पर पिछले 2 साल से ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ा रहा है। ग्राम बोरी के पुराना पारा के ग्रामीण रामकुमार साहू नेमसिंह साहू श्यामसुन्दर साहू गौराम यादव सोहन लाल महार ने बताया कि ग्राम की गलियों की साफ सफाई पेयजल बिजली का टैक्स हर महीने देते हैं लेकिन, सफाई नहीं होने के कारण लोग गंदगी से परेशान हैं। सफाई करवाने के लिए सरपंच को कई बार बोल चुके हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली की सफाई व पेयजल टंकी की सफाई ग्रामीण फण्ड से करते हैं। उन्होंने बताया कि नाली पक्की नहीं होने से वार्ड क्रमांक 8 स्थित रेशु राम के घर पानी भर जाता है। वार्ड क्रमांक 6 में ठाकुरदाई पहुंच मार्ग नहीं बन सका। सार्वजनिक शौचालय की सफाई नहीं हो रही है, दरवाजा दो सालों से टूटा पड़ा है। शौचालय में गन्दगी भरी पड़ी है। वहीं, गौठान में मुरुम नहीं डालने से मवेशी बैठ नहीं पाते। ग्रामीणों ने कहा कि हाल ही में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए बालोद जनपद सीईओ ने ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच और सचिव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया, लेकिन यहां स्थिति बिल्कुल उलट है।





## यूआरएम में आरसीएल कर्मियों को मिली लॉकर की सुविधा

**भिलाई**। भिलाई इस्पात संयंत्र के यूआरएम में आरसीएल कर्मचारियों को लांकर सुविधा उपलब्धहो गई है। इसके लिए बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने प्रबंधन से मांग की थी। इससे कर्मियों को सुविधा होगी। यूनियन के नवीन कुमार ने बताया कि आरसीएल विभाग के कार्मिको ने शिकायत दर्ज कराया था कि उनको समान रखने के लिए लॉकर की सुविधा , शौचालय तथा रेस्ट रुम की सुविधा नही दिया गया है। बीएकेएस ने यूआरएम के मुख्य महाप्रबंधक , ईडी , उप निदेशक को भेजे मांग पत्र पर उप निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने संज्ञान लेकर माँगो को पुरा कराने का निर्देश दिया था ।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में मानसिक रोगियों को मिल रही निःशुल्क चिकित्सा सुविधा

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम तहत जिला चिकित्सालय बेमेतरा में स्पर्श क्लिनिक संचालित है, जहां प्रत्येक मंगलवार को मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिषेक गुप्ता द्वारा मानसिक रोगियों का उपचार किया जा रहा है यह उपचार सुविधा जिला चिकित्सालय बेमेतरा में पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है। इसके साथ ही डॉ. सुचिता गोयल के द्वारा प्रत्येक शनिवार को ऑनलाइन फोन के माध्यम से मानसिक रोग से संबंधित मानसिक रोगियो का उपचार किया जा रहा है। अतः मानसिक विकार से संबंधित कोई भी परेशानी जैसे उदासीनता, नींद न आना, नशे की आदत, आत्महत्या का विचार आना, चिंता होना इत्यादि होने पर भी प्रतिदिवस 14416 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर आप अपनी समस्याओं का हल पा सकते हैं।

### शिकसा के सदस्यों ने सावन व रक्षाबंधन पर गीतों की दी प्रस्तुति

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने सावन के अंतिम सोमवार व रक्षाबंधन के अवसर पर कार्यक्रम शिकसा आया सावन झूम के व रक्षाबंधन का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने सावन व रक्षाबंधन पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हरनारायण साहू, मोहित कुमार शर्मा, तारा बन्छोर, प्रियंका सिन्हा, शकुन्तला बंजारे, हेमराज निषाद, दिलीप श्रीवास, मंजू लता मेरसा /"कृष्णा मानसी/", आयांश मेरसा, अर्चना ढोबले, अनिता श्रीवास, रूक्मणी साहू, संगीता शोरी, दिनेश कुमार दुबे, मनोहर लाल यादव, रामलाल कोसले, सावित्री सोनकर, रामकुमार पटेल, हरमन कुमार बघेल, कविता श्रीवास, ओ.पी. कौशिक रतनपुरिहा, शकुन्तला सहंश, चन्द्र कुमार चन्द्रा, सुमनलता साहू, हेमा चन्द्रवंशी, सविता जायसवाल ने सावन व रक्षाबंधन पर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राधेश्याम कवंर तथा आभार प्रर्दशन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

### जुन्नापानी में लगाए गए 450 पौधे



**डौंडीलोहारा।** जिले के अंतिम छोर में बसा वनांचल ग्राम जुन्नापानी में सामुदायिक वन अधिकार समिति द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पौधारोपण किया गया। 18 अगस्त को जंगल से लगे हुए श्मशान घाट के पास खाली जगह पर 450 पौधे लगाए गए। इनमें 300 फलदार व 150 नग छायादार पौधे शामिल हैं। ग्राम जुन्नापानी में दो वर्ष पूर्व सामुदायिक वन अधिकार समिति एवं पारंपरिक ग्राम सभा का गठन किया गया है। जिसके द्वारा गांव में रचनात्मक कार्य किए जाने की योजना बनाई गई है। इन्हीं के अथक प्रयास से वृक्षारोपण का कार्य संपादित किया गया। इस अवसर प ग्राम पंचायत जुन्ना पानी के सरपंच पूनाराम सिन्हा, ग्राम पटेल चंद्रशेखर सुकतेल, ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष सेवाराम हिरवानी, वन अधिकार समिति के अध्यक्ष हलधर खांडेकर ,सचिव संख कुमार नायक एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक त्रिलोचन सुकतेल एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## निधन

### शांति बाई साहू




**गुरूर।** नगर में शांति बाई साहू का स्वर्गवास हो गया। वे तहसील साहू संघ गुरुर युवा प्रकोष्ठ के पूर्व सहसंयोजक व शिक्षक नरेंद्र साहू की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया।

## पर्व : अंचल में धूमधाम से मना रक्षाबंधन का त्योहार, भाइयों ने लिया बहन की रक्षा का संकल्प

# बहनों ने उतारी भाइयों की आरती, तिलक लगाकर कलाई पर बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



प्रदेश में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बहन-भाई के प्यार का प्रतिक इस त्योहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई। बता दें कि इस राशि के त्यौहार पर भाई-बहन को कुछ समय इंतजार करना पड़ा। भाई-बहन इस रक्षाबंधन के दिन शुभ मुहूर्त 1:30बजे से शुरू हुआ। इस वर्ष भद्रा लगने के कारण दोपहर तक इंतजार करना पड़ा। उसके बाद जैसे ही 1:30बजे फिर बहन राखी बांधने के लिए थाली में गुलाल, फूल, दीये, नारियल, चंदन व राखी रख सजाकर भाई के आरती तिलक लगाकर उनके कलाई पर राखी बांधी और उनके जीवन की सुख समृद्धि की कामना की। तत्तपश्चात भाई ने बहन को उपहार देते हुए बहन की सुरक्षा का संकल्प लिया।

इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बुढे-बुजुर्गों का पैर छूकर आशिर्वाद लिया। दोपहर में अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई सुबह से शुरू हुआ रक्षाबंधन का त्योहार रात तक चलता रहा। रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा उत्साहित बच्चे रहे सुबह से ही भाई-बहन इसे लेकर हलचाल करते नजर आए। इसके अलावा मिलने वाले उपहारों का इंतजार बच्चों को रहा। साथ ही मनपसंद के पकवान और घूमने जाने का मौका भी बच्चों के लिए रोमांचक भरा था। इस मौके पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यह राखी के पर्व पर बच्चे को मिठाई खाने को मिलता है। कहीं भाई बहन के घर जाकर राखी बंधवाया तो कहीं बहनों ने भाई के घर जाकर राखी बांधी।

### दूर रहने वाले भाइयों के लिए पोस्ट से भेजी राखी

इसके अलावा दूर दराज में रहने वाले भाई बहन पोस्ट के माध्यम से भाई के लिए बहन राखी भेज कर सुखमय होने का पत्र लिख कर भेजा गया। बेरला ब्लॉक के ग्राम कोद्वा में कन्हैया लाल मरकाम ने बताया कि मेरे बहन दूर गांव से मेरे बहन कुंती, उर्मिला एवं सुमित्रा तीनों बहन राखी बांधने के लिए आईं, जिससे मैं बहुत उत्साहित हुआ। रक्षाबंधन के दिन तीनों बहनों ने राखी बांधी, जिसके सुख समृद्धि के कामना करते हुए सुरक्षा का संकल्प करता हूँ।

### ब्रम्हाकुमारी बहनों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद की ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपने सेवाकेन्द्र के अलावा विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को राखी बांधी। उन्होंने नगर के वृध्दाश्रम, अनाथ आश्रम, मूकबधिर, घरौंदा आश्रम के अलावा नगर की 21 वीं बटालियन के जवान, जिला जेल, वन विभाग, कोतवाली थाना, बिजली विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी के अलावा नगर के नगर अध्यक्ष विकास चोपड़ा, जिलाध्यक्ष इंद्रजीत चंद्रवाल, एसपी एसआर भगत, डीएसपी देवांश राठौर, टीआई रविकांत पाण्डेय एवं नगर के गणमान्य भाई–बहनों को राखी बांधी और रक्षाबंधन का रहस्य बताया।

### सशिमं की बहनों ने बस्तियों में जाकर बांधी राखी

**थानखम्हरिया।** रक्षाबंधन का पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न स्कूलों में भी यह त्योहार जोर शोर से मनाया गया। इसी श्रृंखला में सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया विद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की सभी बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया द्वारा संचालित मां सरस्वती संस्कार केंद्र वार्ड नंबर 9, और मां काली संस्कार केंद्र वार्ड नंबर 13 में भी भैया बहनों द्वारा पवित्र रक्षाबंधन त्यौहार मनाया गया। विद्यालय की एकादश एवं द्वादश की बहनों ने पिछड़ी बस्तियों में जाकर वहां के वरिष्ठ नागरिक तथा नवयुवकों को राखी बांधी। इस अवसर पर विद्यालय के संस्कार केंद्र प्रमुख सुनील यादव, राजेश यादव एवं बालिका शिक्षा प्रमुख मंजू दीदी उपस्थित थीं।



## राखी के बदले उपहार में 10 लाख के विकासकार्य की मिली सौगात



- जिपं सदस्य प्रज्ञा ने मंत्री दयालदास को बांधी राखी

**बेमेतरा।** रक्षाबंधन के इस पवित्र त्योहार पर बहनों ने भाई की कलाई को रेशम की डोर से सजाया। वहीं, भाइयों ने भी अपनी बहनों को यथा शक्ति उपहार और आशीर्वाद दिया। रक्षाबंधन के इस अवसर पर बेमेतरा जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी सूबे के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के गृह ग्राम कुरा पहुंचकर उन्हें राखी बांधी। वहीं, आशीर्वाद स्वरूप भाई दयाल दास बघेल ने बहन के जिला पंचायत क्षेत्र में 10 लाख के विकासकार्यों की सौगात दे डाली।

जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि बरसों से ग्राम पंचायत भन्सुली में आबादी पारा से नाले के ऊपर छोटे पुल की जरूरत थी। छोटी बहन के तौर पर मैंने मंत्री जी से राखी के उपहार में यही मांगा और उन्होंने भी बिना देर किए मेरी मांग मान कर मेरा मान बढ़ा दिया। साथ ही साथ मंत्री दयाल दास बघेल ने भाजपा के होने वाले सदस्यता अभियान में जिले भर से बहनों को पार्टी से जोड़ने का वादा भी लिया है। मैंने जिले की बहनों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का विश्वास मंत्री जी को दिलाया है।

## नवागढ़ क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मना रक्षाबंधन पर्व



**नवागढ़।** रक्षाबंधन पर्व सोमवार को नवागढ़ क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा का सूत्र बांधते हुए हमेशा रक्षा करने का वचन भी मांगा। लेकिन इस बार भी भद्रा के चलते जहां ज्यादातर परिवारों ने दोपहर 1.30 बजे के बाद भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। लेकिन, कुछ परिवारों ने सुबह से ही राखी बांधकर अपने भाइयों से सुरक्षा का वचन भी मांगा। पर्व को लेकर नगर में गजब का उत्साह देखने को मिला। महिलाएं व युवतियों ने मायके जाकर राखी बांधी। शहर सहित गांव के प्रमुख चौराहों पर मिठाई व राखियों की दुकानें सजीं रहीं। इसके साथ ही भाइयों ने बहनों के लिए विशेष तोहफा खरीदकर दिया। उपहार व आभूषण की दुकानों पर भारी भीड़ रही। पूर्व संध्या से ही लोग वाट्सएप, फेसबुक व आन लाइन शुभकामनाएं दे रहे हैं।नवागढ़ क्षेत्र में दोपहर से शुभ मुहूर्त होने के कारण देर से बहनों ने अक्षत, रोरी, पुष्प आदि पूजन सामग्री लेकर भाईयों का विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद आरती उतारकर राखी बांधकर दीर्घायु की कामना की। नवागढ़ क्षेत्र की प्रमुख बाजारों, दाढ़ी, नांदघाट, मारो, सम्बलपुर, सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से लेकर शाम तक रक्षा बंधन के पर्व को लेकर काफी चहल-पहल रही।

## नेवनारा चंडी मंदिर में धूमधाम से मनी राखी



**बेमेतरा/बेरला।** ब्लॉक के ग्राम नेवनारा चंडी मंदिर में भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक राखी पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम नेवनारा में राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व भाजपा नेता योगेश तिवारी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलदेवी चंडी मंदिर नेवनारा में रक्षाबंधन त्यौहार मनाने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की हजारों महिलाएं शामिल हुईं। भाजपा नेता योगेश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में 7 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने भाजपा नेता योगेश तिवारी को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। वहीं, श्री तिवारी ने कार्यक्रम में शामिल हजारों महिलाओं को साड़ी भेंट की और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

भाजपा नेता ने कहा कि क्षेत्र की बहनों से हर साल जो स्नेह मिलता है, वह अतुलनीय है। क्षेत्र से आई बहने मेरे परिवार की तरह हैं। इनका मुझ पर हमेशा स्नेह बना रहा। कार्यक्रम में सौरभ मिश्रा सभापति हेमंत वैष्णव, पीयूष शर्मा अजय मिश्रा राजेंद्र फौजी , दरबारी साहू जनपद सदस्य, नेतराम निषाद, प्रेमलाल साहू, बलराज बंजारे, अजय यादव, नीलकंठ पटेल, राजू साहू,लखन चक्रधारी, मनोज सिन्हा केशव सिन्हा, मनोज यदु, बोधीराम साहू, देवांसु शर्मा, पेखन साहू, डोमन पाटिल, देवलाल सिन्हा, नरेंद्र साहू, महेश्वर पटेल, संजू बारले सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित थीं।

# छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



रविवार को छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज के जिला अध्यक्ष हेमकांत यादव ने अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया।

जिलाध्यक्ष हेमकांत यादव ने कार्यकारिणी घोषणा के दौरान उपस्थित समाज एवं नए मनोनीत पदाधिकारियों से कहा कि समाज में फैले अशिक्षा, रूढ़िवादी परंपरा को खत्म करते हुए आपसी प्रेम भाईचारा की भावना के साथ समाज को आगे बढ़ाना है। समाज के शिक्षित युवाओं को जोड़कर समाज को आर्थिक व बुनियादी रूप से मजबूत करना हम सब की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। अपने कमाई का कुछ अंश समाज हित में लगाइए जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को सिख मिले। उन्होंने कहा की बहुत जल्दी ही जिले के सभी विकास खंडों में अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी तथा आने वाले पंचायत चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। जिला कार्यकारिणी में संरक्षक संतु यादव, टीकम यादव, लीलू यादव, संतोष यादव, सुशील यादव, फिरंता यादव, थनवार यादव को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष डेनिस यादव, रामजी यादव, सोनू यादव तथा कोषाध्यक्ष ललित यादव, सुरेश यादव बने। सचिव राधे सिंह यादव, संयुक्त सचिव गनपत यादव, महामंत्री लोकनाथ यादव, विजय यादव को नियुक्त किया गया।मीडिया प्रभारी रोशन यादव, संगठन मंत्री ओम प्रकाश यादव, रबीन यादव एवं प्रबंध कार्यकारणी सदस्य सेऊक राम यादव, आत्माराम यादव, नंदू यादव, दुखवा यादव बनाए गए है।

# पार्षद कमलेश और उनके साथियों ने महिलाओं को बांटा पसहर चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



हलषष्ठी पर्व जिसे हम कमरछठ पर्व के नाम से भी जानते हैं इस दिन माताएं अपने पुत्र की लम्बी आयु के लिए व्रत रखती है। व्रती माताएं विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर पसहर चावल से बनी भात और 6 प्रकार की भाजियों से बनी सब्जी खाकर अपना व्रत खोलती हैं। इस व्रत में मुख्य रूप से पसहर चावल का ही महत्व रहता है तथा इसका उपयोग किया जाता है।

विगत 20 वर्षों से वार्ड क्रमांक 2 सहित आस-पास के क्षेत्रों में माताओं को कमरछठ पर्व के अवसर पर बालोद नगर पालिका के पार्षद कमलेश सोनी व उनके युवा साथियों द्वारा पसहर चावल का वितरण किया जाता है। इसी तारतम्य में इस वर्ष बालोद नगर की लगभग 6000 से अधिक महिलाओं को घर पहुंचाकर हलषष्टी पर्व के 8 दिन पूर्व ही कमलेश सोनी एवं उनके साथियों ने पसहर चावल उपलब्ध कराया। वहीं, सुबह से शाम तक शहर को स्वच्छ रखने वाली मणिकंचन केंद्र में उपस्थित स्वच्छता दीदियों को भी पसहर चावल दिया गया। पसहर चावल वितरण करने वालो में प्रमुख रूप से सुरेश निर्मलकर, अमित चोपड़ा, विनोद जैन, मोनू नरेंद्र सोनवानी, पार्षद राजू पटेल, सरोजनी, डोमेंद्र साहू, लेखन बसंती साहिरो, दीपक देवांगन, राजेश साहू, विमल साहू, हितेश्वरी कौशिक, अजय बाफना, कमल पंपलिया, लोकेश साहू, अम्बिका यादव, सुनिता मनहर, प्रतिमा यादव, प्राची विक्रम ललवानी, दयालराम बघेल, शेखर वर्मा, मन्नू झोरी, जीतू निर्मलकर, काजल सोनी, रोहिणी साहू, भोजेश्वरी साहू, कमलेश गौतम, महेश पाठक, पिंटू सारथी, एवन साहू, गिरीश नायडू, चिंता राम साहू, हरीश दुबे, शेखर यादव, मयंक योगी, सुनील यादव, पिंटू साहू, तुलेश साहू, चेतन निर्मलकर, ज्ञानेश सोनकर, राहुल साहू, टिकेश साहू, संतोष साहू, धनराज साहू, सचिन मंडावी, मुरली साहू उपस्थित थे।

## बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# मड़ियाकट्टा में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा।



विकासखंड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम मनाया गया। राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने शाला परिसर में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर वीर शहीदों को नमन किया। उसके बाद रैली निकालकर गांव भ्रमण कर विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत में ध्वजारोहण उपसरपंच कमलेश्वरी टेभूर्ने, हृदय स्थल पर ग्राम पटेल संतराम सहारे, आंगनबाड़ी केंद्र एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अश्वन मण्डावी, केंद्र क्रमांक दो में रुकमणी मण्डावी ने ध्वजारोहण किया। इसी तरह सभी वार्डों में वार्ड प्रमुखों ने ध्वजारोहण किया। ग्राम भ्रमण के बाद शाला प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतराम सहारे थे, अध्यक्षता प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने की। विशेष अतिथि फत्ते सिंह ठाकुर अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति माध्यमिक, सुखेन्द सहारे अध्यक्ष प्राथमिक, यशवंत मण्डावीं, गिरिवर सिंह कोलियारे, आनंदराम मण्डावीं, चैतराम ठाकुर, रामस्वरूप नेताम, रोहित कुमार टेभूर्ने, दीपक कुमार यादव, भागवानी सिन्हा, नारदराम भुआर्य एवं ग्रामीणों उपस्थित थे। प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने शाला की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इसके साथ ही प्रयास विद्यालय एवं राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा चयनित विशाल कान्हा मण्डावी, इंस्पायर अवार्ड चयनित तृप्ति सिन्हा कक्षा सातवीं, योगेन्द्र कुमार कक्षा छठवीं, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विकासखंड में कक्षा आठवीं की छात्रा हंसरिता के चयनित होने की जानकारी दी। इसी प्रकार पंचायत सचिव पवन कुमार सोनी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उसके बाद बच्चों ने देश भक्ति गीतों के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया। सभी प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गिरिवर सिंह कोलियारे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, भूमिका मोवाड़े, पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

